भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1009
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन परियोजनाओं हेतु निधि

†1009. श्री शफी परम्बिलः
श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल और कर्नाटक राज्यों विशेषकर उडुपी, चिकमंगलूर, दक्षिण कन्नड़ और उत्तर कन्नड़ जिलों, जहां समृद्ध और प्रचुर पर्यटन स्थल और पारिस्थितिकी-पर्यटन हैं, के लिए पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवंटित की गई निधि/स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) पर्यटन में सुधार लाने के लिए सतत् और जवाबदेही केन्द्रित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने हेतु केरल और कर्नाटक राज्यों में आरंभ की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वडकरा निर्वाचन क्षेत्र में कोई नई पर्यटन परियोजनाएं शुरू की जानी हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए कर्नाटक राज्य के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत और अधिक निधि आवंटित की जाएंगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' की योजनाओं के तहत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन से संबंधित अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य एवं पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को हाल ही में स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

केरल और कर्नाटक राज्यों में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए समय-समय पर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। परियोजनाओं के लिए प्राप्त प्रस्तावों को निर्दिष्ट प्रावधानों के अनुपालन एवं निधियों की उपलब्धता की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

श्री शफी परम्बिल एवं श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी द्वारा पर्यटन परियोजनाओं हेतु निधि के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1009 भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	केरल	इको परिपथ 2015-16	पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - थेक्कडी का विकास	64.08
2.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	सबरीमाला - एरुमेली -पम्पा - सन्निधानम का विकास	46.54
3.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	श्री पद्मनाभ अर्नामुला का विकास	78.08
4.	केरल	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज़ पर्यटन परियोजना का विकास	57.35
5.	केरल	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मण्य - चेम्बाझंथी श्री नारायण गुरूकुलम का विकास	66.42

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	**राज्य**	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृत लागत (करोड़ रु.)**	**स्वीकृति की तिथि**
1.	कर्नाटक	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	26.30	29-02-2024
2.	कर्नाटक	मैसूर	टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस ज़ोन	4.12	29-02-2024
3.	कर्नाटक	मैसूर	इकोलॉजिकल एक्सपीरियंस जोन	18.36	05-03-2024
4.	केरल	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस	13.92	05-03-2024

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत लागत**	**जिला**
1.	कर्नाटक	चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2023-24	45.71	मैसूरू
2.	केरल	गुरुवायूर मंदिर का विकास	2016-17	45.19	त्रिशूर

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(लाख रु. में)

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	कर्नाटक	2016-17	होस्पेट रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	541.00
2.	केरल	2013-14	त्रिवेंद्रम रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	598.00
3.	केरल	2016-17	विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास	901.00
4.	केरल	2016-17	एर्नाकुलम घाट के बर्थ एवं बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता	2141.00
5.	केरल	2016-17	भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना	2464.99
6.	केरल	2018-19	कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास करना।	120. 79
7.	केरल	2018-19	कोचीन नार्थ ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण	466.47
8.	केरल	2019-20	नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए	1029.70

*****